राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर,शुक्रवार, 08 मई 2026
वर्ष 14,अंक 29, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

नगर पंचायत प्रशासन ने शुरू किया अतिक्रमण चिन्हांकन...03

केएल राहुल ने अभिषेक से छीनी ऑरेंज कैप...04

# ऑपरेशन सिंदूर ने संदेश दिया कि कोई आतंकी ठिकाना सुरक्षित नहीं है : भारतीय सेना

भारतीय सेना ने बृहस्पतिवार को ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर पाकिस्तान को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि नियंत्रण रेखा के पार कोई भी आतंकी ठिकाना सुरक्षित नहीं है और भारत अपनी इच्छानुसार समय और तरीके से हर आतंकी ढांचे को निशाना बनाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूरे होने पर भारतीय वायुसेना, नौसेना और थलसेना के सैन्य अभियानों के प्रमुखों ने जयपुर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ऑपरेशन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इस अभियान को सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान को दंडित करने के वास्ते पिछली आधी सदी में भारत का सबसे व्यापक सैन्य अभियान बताया गया। सेना के उप प्रमुख (रणनीति) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, ''नियंत्रण रेखा के उस पार कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। हम हर जगह हमला करेंगे। हम हर निशाने पर प्रहार करेंगे। हम हर उस चीज़ के खिलाफ कार्रवाई करेंगे, यह बात प्रधानमंत्री ने पिछले साल साफ कर दी थी। लेकिन इसकी शर्तें, समय और तरीका हमारा होगा।'' उन्होंने कहा कि आतंकी ढांचे को निशाना बनाने का समय और तरीका भारतीय सेना के विवेक पर निर्भर करेगा। भारतीय सेना के सैन्य अभियानों के महानिदेशक के रूप में, घई ने भारतीय वायु सेना और नौसेना के अपने समकक्षों के साथ मिलकर ऑपरेशन सिंदूर के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्तमान में सेना के उप प्रमुख (रणनीति) के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं था, बल्कि यह तो सिर्फ शुरुआत थी।'' पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पिछले साल सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। इसके तहत भारत ने पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर



(पीओके) में स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 100 आतंकी मारे गए। इस कार्रवाई से पाकिस्तान के साथ तनाव में तेजी से वृद्धि हुई और पाकिस्तान ने जवाबी हमले किए, हालांकि उनमें से अधिकांश को भारतीय सेना ने विफल कर दिया। दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच हॉटलाइन पर बातचीत के बाद 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने के साथ ही सैन्य संघर्ष समाप्त हो गया, लेकिन इस घटना ने भारत की सैन्य शक्ति को बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर कर दिया। लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा कि कई आतंकी शिविरों को सीमा क्षेत्र से हटाकर अंदरूनी इलाकों में स्थानांतरित कर दिया गया है, लेकिन दूरी भारत की सटीक मारक क्षमता से सुरक्षा नहीं दे सकती। वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने यह भी रेखांकित किया कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के रणनीतिक उद्देश्यों को हासिल करने के बाद संघर्ष को तुरंत समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा, ''दुनिया भर में लंबे समय तक चलने वाले संघर्षों के इस दौर में हमने कड़ा प्रहार किया, स्पष्ट रूप से तय उद्देश्यों को हासिल किया और फिर संघर्ष समाप्त करने का फैसला किया, जब पाकिस्तान बातचीत करने पर मजबूर हो गया और उसने हमसे कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया।'' लेफ्टिनेंट जनरल घई ने ब्रह्मोस और आकाश मिसाइलों, स्वदेशी निगरानी और लक्ष्यीकरण प्रणालियों और गोला-बारूद का उल्लेख करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की स्वदेशी हथियार प्रणालियों और प्लेटफार्म की क्षमताओं को प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं था। यह तो बस शुरुआत थी। आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई जारी रहेगी। एक साल बाद, हम न केवल ऑपरेशन को बल्कि इसके पीछे के सिद्धांत को भी याद करते हैं। भारत अपनी संप्रभुता, अपनी सुरक्षा और अपने लोगों की रक्षा दृढ़तापूर्वक, पेशेवर ढंग से और पूरी जिम्मेदारी के साथ करेगा।'' ऑपरेशन सिंदूर के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वायु सेना महानिदेशक ए. के. भारती ने वांछित परिणाम हासिल करने में 'वायु शक्ति की प्रधानता' पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की सैन्य शक्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है और भारतीय वायु सेना चीन और पाकिस्तान की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही है। उन्होंने कहा, 'हम उनकी हर गतिविधि पर लगातार नज़र रख रहे हैं।' भारती ने कहा, 'हमने उनके नौ आतंकवादी शिविरों पर हमला कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया। इसका सबूत सबके सामने है। हमने उनके 11 हवाई अड्डों पर हमला किया। हमने उनके 13 विमानों को ज़मीन पर या हवा में नष्ट कर दिया, जिनमें 300 किलोमीटर से अधिक की रिकॉर्ड दूरी से नष्ट किया गया एक बहुमूल्य हवाई विमान भी शामिल है।' भारती ने हालांकि भारतीय वायु सेना के किसी भी नुकसान का उल्लेख नहीं किया। वायु सेना के उप प्रमुख के पद पर कार्यरत एयर मार्शल भारती कहा, 'वे (पाकिस्तान) हमारी तरफ कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा पाए हैं; न तो कोई सैन्य ढांचा और न ही नागरिक संरचनाओं को कोई बड़ा नुकसान हुआ।' उन्होंने कहा, ''वे चाहे जो भी कहें, याद रखें कि कहानियों और बयानबाजी से जीत नहीं मिलती। जीत ठोस तथ्यों से मापी जाती है।'' वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर अपने उद्देश्यों को हासिल कर लिया। उन्होंने कहा, 'जब पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान ने आतंकवाद का साथ देने और इसे अपनी लड़ाई बनाने का फैसला किया, तो हमारे पास उसी तरह जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। यह आत्मरक्षा का मामला था, जो आतंकवाद विरोधी अभियान से कहीं अधिक था। जब हमने जवाब दिया, तो वह घातक और निर्मम था।' नौसेना संचालन महानिदेशक वाइस एडमिरल ए.एन. प्रमोद ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने में भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना की अग्रिम तैनाती ने पाकिस्तानी नौसेना और वायु इकाइयों को रक्षात्मक मुद्रा अपनाने पर मजबूर कर दिया और इसके चलते पाकिस्तानी नौसेना अधिकांश समय बंदरगाहों तक ही सीमित रही। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर ने इस बात की पुष्टि की कि भारत निरंतर उकसावे का जवाब सोच-समझकर, सटीकता के साथ देने में सक्षम है। इसने यह भी प्रदर्शित किया कि आतंकी ढांचे और उन्हें समर्थन देने वाली सैन्य क्षमताओं को तेज़ी और प्रभावी ढंग से निशाना बनाया जा सकता है।'' उन्होंने कहा, ''इस अभियान ने ड्रोन सहित स्वदेशी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों, प्लेटफार्मों, प्रणालियों और उपकरणों की निर्णायक भूमिका को भी उजागर किया।'' लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा, ''पाकिस्तान ने 100 से अधिक सैनिक खो दिए। उन नौ आतंकी शिविरों में करीब 100 आतंकवादी मारे गए।'' उन्होंने कहा, ''अनजाने में उनकी पुरस्कार सूची इंटरनेट पर जारी हो गई, जिससे पता चला कि उनमें से कई पुरस्कार मरणोपरांत दिए गए थे।''

# पश्चिम बंगाल में बीजेपी की छप्पर फाड़ जीत से यूपी में बदलेगी रणनीति, बंसल को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

उत्तर प्रदेश की अगली चुनावी लड़ाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर हलचल तेज हो गई है। पार्टी के अंदर यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को प्रदेश में अधिक सक्रिय और प्रत्यक्ष भूमिका दी जा सकती है, ताकि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के जातीय समीकरणों को फिर से मजबूत किया जा सके। यह अटकलें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की हालिया सफलता के बाद तेज हुई हैं, जहां बूथ स्तर की मजबूत रणनीति और संगठनात्मक समन्वय ने पार्टी को बड़ी जीत दिलाई और 15 वर्षों से सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया।

**संगठनात्मक मजबूती से यूपी की चुनौती का समाधान संभव नहीं**

हालांकि भाजपा के भीतर यह समझ भी है कि उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियां पश्चिम बंगाल से कहीं अधिक जटिल हैं। पार्टी नेताओं का मानना है कि केवल संगठनात्मक मजबूती से यूपी की चुनौती का समाधान संभव नहीं होगा, क्योंकि यहां जातीय समीकरण चुनावी राजनीति का सबसे अहम आधार बने हुए हैं। फिलहाल उत्तर प्रदेश में भाजपा के संगठनात्मक मामलों की निगरानी बी एल संतोष और विनोद तावड़े कर रहे हैं, लेकिन पार्टी के एक वर्ग का मानना है कि यूपी की सामाजिक और जातीय संरचना को देखते हुए ऐसे नेताओं की जरूरत है जिन्हें राज्य की चुनावी जमीन का गहरा अनुभव हो।

**बंगाल जीत में बंसल की बड़ी भूमिका रही**

भाजपा के एक राष्ट्रीय पदाधिकारी ने कहा, ' 2017 में पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले अमित शाह और संगठनात्मक नेटवर्क को मजबूत



करने वाले सुनील बंसल को फिर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।' उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अमित शाह यूपी की राजनीति पर पहले से ज्यादा सीधी नजर रख सकते हैं, जबकि सुनील बंसल को राज्य का प्रभारी बनाकर चुनावी तैयारियों की कमान दी जा सकती है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की ताकत लंबे समय तक सवर्ण, गैर-यादव पिछड़ा वर्ग और गैर-जाटव दलितों के व्यापक सामाजिक गठजोड़ पर आधारित रही है। इसके साथ पार्टी ने मजबूत हिंदुत्व एजेंडे के जरिए अपनी पकड़ बनाई। लेकिन हालिया चुनावों में इस सामाजिक समीकरण में कमजोरी के संकेत दिखाई दिए हैं।

**यूपी में जातीय राजनीति को नए तरीके से संगठित करना होगा**

दरअसल अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति के जरिए जातीय राजनीति को नए तरीके से संगठित किया है, जिससे मुकाबला और कड़ा हो गया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता तो बचाने में सफल रही, लेकिन पार्टी के भीतर यह स्वीकार किया गया कि मुकाबला उम्मीद से कहीं ज्यादा कठिन था। वहीं 2024 लोकसभा चुनाव ने भाजपा के सामने नई चुनौती को और स्पष्ट कर दिया।

**24 के चुनाव में पार्टी को मिली थी 33 सीटें**


समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 80 में से 37 सीटें जीतकर भाजपा के पारंपरिक वोट बैंक में भी सेंध लगाई। भाजपा का आंकड़ा 2019 की 62 सीटों से घटकर 2024 में 33 पर पहुंच गया। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि, ' 2022 और 2024 के अनुभव अभी भी पार्टी के लिए चेतावनी की तरह हैं और संगठन किसी भी तरह की आत्मसंतुष्टि से बचना चाहता है। इसलिए अमित शाह जी और सुनील बंसल जी का दखल उत्तर प्रदेश में बढ़ सकता है।' करीब एक दशक से उत्तर प्रदेश की सत्ता में रहने के कारण भाजपा को स्थानीय स्तर पर एंटी-इंकम्बेंसी और विभिन्न समुदायों में प्रतिनिधित्व की बढ़ती मांग जैसी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

**जातीय राजनीति बेहद पेचीदा**

हालांकि पार्टी अब भी अपनी कल्याणकारी योजनाओं, बुनियादी ढांचे के विकास और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कानून-व्यवस्था की छवि को अपनी सबसे बड़ी ताकत मानती है। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पश्चिम बंगाल की जीत भाजपा के लिए बड़ी उपलब्धि है, लेकिन पार्टी को यह समझना होगा कि उत्तर प्रदेश की राजनीति कहीं अधिक जटिल है। भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी ने बताया कि, ' हिंदी पट्टी में जातीय राजनीति बेहद पेचीदा है। भाजपा को अपना सामाजिक गठबंधन दोबारा मजबूत करने, स्थानीय मुद्दों पर काम करने और विपक्ष के नैरेटिव का प्रभावी जवाब देने के लिए गंभीर मेहनत करनी होगी, जो 2024 में कमजोर पड़ती दिखाई दी थी। इस लिहाज से उत्तर प्रदेश में ऐसे नेताओं की जरूरत पड़ेगी जो यहां की चुनावी गणित को बेहतर तरीक़े से समझते हों।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बड़ा हादसा : यमुना में नाव पहलटने से 6 लोगों की मौत, मृतकों में 5 नाबालिग...



हमीरपुर जिले में यमुना नदी में एक नाव पलटने के बाद पांच बच्चों और एक महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमों ने शव बरामद किए। मृतकों की पहचान आकांक्षा (9), रानी (9), बृजरानी (25), लाभयांश (5), महेश (6) और आदित्य (11) के रूप में हुई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि भौली ग्राम पंचायत के मजरा कुतुबपुर पटिया में बुधवार शाम यमुना नदी में एक नाव पलट गई जिसके बाद उस पर सवार नौ लोग डूबने लगे। उन्होंने बताया कि नाव चला रहे धीरू नामक किशोर ने तीन लोगों को बचा लिया लेकिन आकांक्षा, रानी, बृजरानी, लाभयांश, महेश और आदित्य डूब गए। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार ने बताया कि बचाव टीमों ने बाद में आकांक्षा, लाभयांश, महेश, रानी और बृजरानी के शव बरामद कर लिए जबकि आदित्य का शव बृहस्पतिवार देर शाम बरामद हुआ। इससे पहले उन्होंने बताया था कि सुबह से हो रही भारी बारिश के कारण बचाव कार्य में टीमों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा। कुरारा के थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# ग्लैमर की दुनिया छोड़ मथुरा में राधे-राधे जप रहीं एक्ट्रेस, जानिए अध्यात्म की राह पर कैसे पहुंची एना जयसिंघानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लग्जरी लाइफ को छोड़कर अध्यात्म की ओर कदम बढ़ाना एक बहुत ही साहसी और गहरा बदलाव है, जो अक्सर आंतरिक शांति की तलाश में उठाया जाता है। कुछ लोग भौतिक सुख-सुविधाओं छोड़ जब साधना की दुनिया में कदम रख कर सभी को चौंका देते हैं। ऐसा की कर एक टीवी की लोकप्रिय एक्ट्रेस ने सभी को चौंका दिया है।

**प्रेमानंद महाराज से एक्ट्रेस ने ली दीक्षा**

दरअसल, माया नगरी की चमक-दमक, कैमरों की फ्लैशलाइट और टीवी की लोकप्रिय दुनिया... सबकुछ छोड़कर एक अभिनेत्री ने अब भक्ति और अध्यात्म की राह चुन ली है। टीवी धारावाहिकों से पहचान बनाने वाली एना जयसिंघानी अब वृंदावन में साध्वी जीवन जी रही हैं। कभी ग्लैमरस किरदारों में नजर आने वाली एना अब 'साध्वी एना परी हरिवंशी' के नाम से जानी जा रही हैं। उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज से दीक्षा लेकर आध्यात्मिक जीवन अपना लिया है।

**ग्लैमर से भक्ति तक का सफर**

टीवी इंडस्ट्री में पहचान बनाने के बाद एना का रुझान धीरे-धीरे अध्यात्म की ओर बढ़ा। उन्होंने बताया कि कुछ दोस्तों के जरिए





उनका जुड़ाव इस्कॉन से हुआ। वहीं से नाम-जप, सत्संग और भगवत गीता की शिक्षाओं में उनकी रुचि बढ़ती चली गई। धीरे-धीरे उन्होंने अपनी जीवनशैली पूरी तरह बदल दी। अब वे सादे वस्त्र पहनती हैं, माथे पर चंदन लगाती हैं और सात्विक जीवन का पालन करती हैं। प्याज-लहसुन छोड़कर उन्होंने पूरी तरह शुद्ध शाकाहारी जीवन अपना लिया है।

**वृंदावन में मिला नया जीवन**

एना बताती हैं कि वृंदावन आने के बाद उन्हें भक्ति में ऐसी शांति मिली, जिसकी तलाश उन्हें लंबे समय से थी। आश्रम में रहकर उन्होंने धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन किया, नियमों का पालन किया और अंततः दीक्षा प्राप्त की। अब उनका अधिकतर समय नाम-जप, सेवा और आध्यात्मिक कार्यों में बीतता है। वे वृंदावन में रहकर सोशल मीडिया से जुड़े धार्मिक कार्य भी संभाल रही हैं।

**कैसे शुरू हुआ था अभिनय करियर**

ग्वालियर में जन्मी एना को बचपन से ही डांस, एक्टिंग और कला में रुचि थी। परिवार के सहयोग से वे मुंबई पहुंचीं और अभिनय की ट्रेनिंग ली। इसके बाद टीवी धारावाहिकों में काम मिलने लगा और 'देखा एक ख्वाब' जैसे शो से उन्हें लोकप्रियता मिली।

**'अब कोई इच्छा नहीं '**

एना का कहना है कि अब उनकी सबसे बड़ी खुशी राधा रानी की भक्ति में है। उनके अनुसार, अध्यात्म में उन्हें वह सुकून मिला जो ग्लैमर की दुनिया कभी नहीं दे सकी। हालांकि ये कोई पहला मामला नहीं इससे पहले कई लोगों ने किया। ममता कुलकर्णी (Mamta Kulkarni): 90 के दशक की मशहूर अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने भी अभिनय छोड़ दिया और बाद में अध्यात्म में लीन हो गई।

# जेल जाने के डर ने ली जान! 41 साल पुराने डबल मर्डर केस में मिली उम्रकैद, 70 साल के आरोपी ने लगाई फांसी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जालौन के सिरसा कलार थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक बुजुर्ग द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई. बताया गया कि इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा दो दिन पहले आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखे जाने के बाद से वृद्ध मानसिक तनाव में था. गुरुवार सुबह उसने खेत पर बने ट्यूबवेल के कमरे में गमछे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक की पहचान ग्राम पिथउपुर थाना सिरसा कलार निवासी 70 वर्षीय अमर सिंह पुत्र स्वर्गीय बाबूराम के रूप में हुई. ग्रामीणों के मुताबिक, अमर सिंह अपने पुत्र रविंद्र उर्फ मनचुरे के साथ गांव के बाहर खेत पर बने ट्यूबवेल पर रहता था. गुरुवार सुबह जब काफी देर तक वह बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने अंदर जाकर देखा. कमरे में अमर सिंह का शव गमछे के सहारे फंदे से लटका मिला. यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया. सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए. बताया गया कि वर्ष 1984 में गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए दोहरे हत्याकांड में अमर सिंह नामजद था. आरोप था कि मई 1984 में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव निवासी सरवन और वीरेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस मामले में रामजीवन की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसमें चार लोगों को आरोपी बनाया गया था. मामले की सुनवाई के दौरान उरई स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अमर सिंह को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. इसके बाद उसने हाई कोर्ट में अपील दायर की थी. अपील के दौरान उसे अस्थायी राहत देते हुए जमानत मिल गई थी और वह लंबे समय से बाहर रह रहा था. हाल ही में हाई कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए अमर सिंह की आजीवन कारावास की सजा कायम रखी थी. परिजनों के अनुसार फैसले के बाद से वह बेहद परेशान और तनाव में चल रहा था. उसे गिरफ्तारी और जेल जाने का डर सता रहा था.

# ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर बोले राजनाथ, देखने को मिला था तीनों सेनाओं का बेहतरीन तालमेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

आज भारत 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली सालगिरह मना रहा है. इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को इस मिशन की तारीफ़ करते हुए इसे आधुनिक युद्ध का एक पैमाना बताया. उन्होंने इसकी बेजोड़ सटीकता और तीनों सेनाओं के बीच बेहतरीन तालमेल का जिक्र किया. उन्होंने अपने बयान में उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए देश के पक्के इरादे और तैयारी का एक मजबूत प्रतीक है. पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पिछले साल 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था. इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए गए, जिसमें कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए थे. सिंह ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर की सालगिरह पर हम अपनी सेनाओं की बहादुरी और बलिदान



को सलाम करते हैं, जिनका साहस और समर्पण देश की सुरक्षा करता आ रहा है. '

**ऑपरेशन सिंदूर ने दिया**

रक्षा मंत्री ने कहा, 'इस ऑपरेशन के दौरान उनके कामों में बेजोड़ सटीकता, तीनों सेनाओं के बीच बेहतरीन तालमेल और गहरा सहयोग देखने को मिला, जिसने आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए एक नया पैमाना तय किया.' रक्षा मंत्री ने कहा कि यह ऑपरेशन देश के पक्के इरादे और तैयारी का एक मजबूत प्रतीक है, जो यह दिखाता है कि हमारी सेनाएं जब सबसे ज़्यादा जरूरत होती है, तब निर्णायक कार्रवाई करने के लिए हमेशा तैयार रहती हैं.' उन्होंने कहा, 'यह आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में भारत की लगातार प्रगति का भी एक सबूत है, जो हमारी क्षमताओं को बढ़ाते हुए हमारी मजबूती को और पुख्ता करता है.' सिंह गुरुवार को जयपुर में होने वाले संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और सेना की युद्ध की तैयारियों की पूरी समीक्षा करेंगे.

**सेना को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए सम्मेलन**

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह सम्मेलन साइबर, अंतरिक्ष और कॉग्निटिव वॉरफेयर (संज्ञानात्मक युद्ध) जैसे उभरते क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों का आकलन करने और एक ऐसी मज़बूत व भविष्य के लिए तैयार सेना बनाने का खाका तैयार करने के लिए एक अहम मंच साबित होगा, जिसके पास निर्णायक बढ़त हो.

# पंजाब में बनी रहे अमन-शांति, भाईचारा और सामाजिक एकता शुक्राना यात्रा का दूसरा दिन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज श्री हरिमंदिर साहिब में नतमस्तक होकर जागत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार संशोधन एक्ट-2026 को लागू करने की समझ और शक्ति प्रदान करने के लिए परमात्मा का धन्यवाद किया. उन्होंने इस कानून को बेअदबी करने की कोशिश करने वालों के लिए सख्त सजा सुनिश्चित करने तथा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की मान-मर्यादा की रक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम बताया. आज श्री हरमिंदर साहिब में नतमस्तक होने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि बेअदबी के खिलाफ सख्त कानून बनाने की सेवा सौंपने के लिए उनका दिल परमात्मा के प्रति शुक्राने से भरा हुआ है. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सौभाग्यशाली है कि हमें यह ऐतिहासिक कानून पारित करने का अवसर मिला है, जो भविष्य में ऐसी घिनौनी घटनाओं को रोकने में अहम साबित होगा. मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी हर सिख के लिए पिता समान हैं, जिनकी मान-मर्यादा बनाए



रखना हमारा सामूहिक कर्तव्य है. जागत ज्योति श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार संशोधन एक्ट-2026 यह सुनिश्चित करता है कि इस अक्षम्य अपराध के दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को मिसाली सजा का सामना करना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि बेअदबी की घटनाएं पंजाब की अमन-शांति, भाईचारे, सांप्रदायिक सद्भाव और सामाजिक एकता को भंग करने के उद्देश्य से रची गई गहरी साजिश का हिस्सा थीं. मुख्यमंत्री ने पुष्टि की कि यह कानून इतनी समझदारी और सख्ती से बनाया गया है कि दोषी ठहराए गए व्यक्ति को मरने तक उम्रकैद की सजा हो सकती है. उन्होंने कहा कि देश के नामी कानूनी विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा करने के बाद इस कानून का मसौदा तैयार किया गया है. उन्होंने कहा कि यह कानून ऐसी घटनाओं के खिलाफ मजबूत व्यवस्था के रूप में काम करेगा और भविष्य में कोई भी ऐसा अपराध करने की हिम्मत नहीं करेगा. मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि दुनिया भर के लोगों और सिख संगत ने पंजाब विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित इस कानून का स्वागत किया है. मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, जहां पूरी सिख संगत ने इस कानून का स्वागत किया है, वहीं शिरोमणि कमेटी के आकाओं ने इसका विरोध किया है क्योंकि बेअदबी से जुड़ी घटनाओं में वे स्वयं शामिल रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस यात्रा का एकमात्र उद्देश्य परमात्मा का शुक्राना करना है, जिन्होंने हमें मानवता और पंजाब की सेवा के लिए यह बड़ी और अहम जिम्मेदारी सौंपी है. मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने तेज गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में पहुंचने वाली संगत का दिल से धन्यवाद किया.

# संक्षिप्त खबरें

## कस्तूरबा विद्यालय व कान्हा गौशाला का एसडीएम ने किया औचक निरिक्षण

**कान्हा गौशाला व विद्यालय मे किसी भी प्रकार की लापरवाही बरदास्त नही- प्रतीक्षा त्रिपाठी**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** गोला उप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने गोल तहसील क्षेत्र के आवासीय कस्तूरबा विद्यालय का औचक निरीक्षण कर बच्चियों के खान पान, पढाई ,आवासीय स्थितियों की गहनता से जांच की वही स्कूल के शाम के नाश्ते में भुने चने नहीं पाए जाने पर विद्यालय के संचालन कर्ता व व्यवस्थापको से नाराजगी जाहिर करते हुये पोषण युक्त खानपान और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देशस्व जनगणना के बारे में किया जागरूक किया इसके पश्चात नगरपालिका गोला के अंतर्गत आने बाली गौशाला मुड़ा सरकटा कान्हा गौशाला का औचक निरिक्षण किया, इस दौरान उप जिला अधिकारी को निरिक्षण के दौरान मिली खामियां, वही अधूरे रजिस्टर, भूसा स्टॉक की बडी कमी व गौशाला में बारिश के दौरान पानी निकासी की व्यवस्था व होना, गौशाला की फर्स आदि जर्जर होना,साथ ही इओ गोला और जेई गोला को अतिशीघ्र ही व्यवस्था ठीक करने का निर्देश दिया है।

## राजापुर का सियाराम हॉस्पिटल के अवैध रूप से संचालित होने का आरोप

**ऑपरेशन-डिलीवरी कर मरीजों की जान से खिलवाड़**




**लखीमपुर खीरी-** लखीमपुर शहर के राजापुर इलाके में स्थित सियाराम हॉस्पिटल पर अवैध रूप से संचालन के गंभीर आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में नियमों को ताक पर रखकर ऑपरेशन, नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी समेत सभी गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है।

**क्या है आरोप-**

1.बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा अस्पताल-- आरोप है कि सियाराम हॉस्पिटल के पास क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत जरूरी रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस नहीं है।

2. अवैध रूप से ओटी चला रहे है ओटी मे गंन्दगी का अभाव है

3.योग्य डॉक्टरों का अभाव-- स्थानीय लोगों का दावा है कि अस्पताल में ऑपरेशन और डिलीवरी जैसे संवेदनशील केस अनट्रेंड स्टाफ से कराए जा रहे हैं।

4. 24 घंटे इमरजेंसी का बोर्ड, हकीकत में खतरा अस्पताल के बाहर '24 घंटे इमरजेंसी एवं एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध' का बड़ा बोर्ड लगा है, लेकिन मरीजों के परिजनों का आरोप है कि यहां जान जोखिम में डाली जा रही है।

**स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर सवाल-**

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जिले में पहले भी अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई हो चुकी है, फिर भी सियाराम हॉस्पिटल कैसे खुलेआम चल रहा है? आखिर किसकी शह पर नियमों को ताक पर रखकर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ हो रहा है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा,एक की मौत,दूसरा गंभीर रूप से घायल

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती कस्बे में बुधवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई और,,,उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुचा कर मामले की जांच शुरू कर दी,, आपको बताते चलें कानपुर सागर हाइवे पर सजेती कस्बे में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया,, एक तेज़ रफ़्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, इससे बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, बुधवार सुबह एक बाइक पर सवार होकर दो युवक कानपुर सागर हाइवे से गुजर रहे थे,,तभी सजेती कस्बे के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर बाइक में जोरदार टक्कर मार दी,इस टक्कर में एक युवक की जान चली गई, वहीं पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, और घायल को अस्पताल भेजा,, थानाध्यक्ष सजेती अनुज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मौसम खुलते ही बढ़ी गेहूँ खरीद की रफ्तार

**● 128 किसानों से 5304 कुंतल गेहूं की खरीद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील क्षेत्र में गेहूं खरीद ने रफ्तार पकड़ ली है। अब तक पांच राजकीय क्रय केंद्रों पर 128 किसानों से कुल 5304 कुंतल गेहूं खरीदा जा चुका है। मौसम साफ होते ही खरीद में तेजी आई है। किसान अपनी उपज लेकर केंद्रों तक पहुंच रहे हैं। नवीन कृषि मंडी परिसर स्थित खाद्य एवं विपणन विभाग के क्रय केंद्र संख्या एक पर 1303 कुंतल गेहूं की खरीद हुई। वहीं क्रय केंद्र संख्या दो पर 1357 कुंतल गेहूं खरीदा गया। मंडी परिसर के ही एक अन्य क्रय केंद्र पर 36 किसानों से 1155 कुंतल गेहूं की खरीद दर्ज की गई। पीसीयू के इब्राहिमपुर क्रय केंद्र पर 800 कुंतल गेहूं खरीदा गया। खींरो क्रय केंद्र पर 18 किसानों से 789 कुंतल गेहूं की खरीद हुई। सभी केंद्रों पर खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है। किसानों ने इस बार की फसल को संतोषजनक बताया। गौरा रुपई गांव के किसान मुकेश त्रिवेदी और सनद द्विवेदी ने कहा कि इस बार गेहूँ की पैदावार ठीक ठाक रही। कटाई के समय मौसम जरूर खराब हुआ लेकिन क्षेत्र में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।सातनपुर गांव के किसान दुर्गा शंकर ने बताया कि सरकार की ओर से खोले गए क्रय केंद्रों से उन्हें सुविधा मिली। गेहूं बेचने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

खाद्य एवं विपणन विभाग के क्रय केंद्र संख्या एक के प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि अब मौसम साफ हो चुका है। किसान गेहूं सुखाकर केंद्र पर ला रहे हैं। इससे खरीद गति पकड़ चुकी है।

**केंद्र न होने से किसानों की बढ़ी परेशानी, दूर ले जानी पड़ रही उपज**

तहसील क्षेत्र के मलकेगांव, खजूरगांव और पाहो में इस बार गेहूं क्रय केंद्र न बनाए जाने से किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को अपनी उपज लेकर दूर स्थित क्रय केंद्रों तक जाना पड़ रहा है। इससे समय और खर्च दोनों बढ़ रहे हैं। प्रगतिशील किसान सुशील शुक्ला ने बताया कि नजदीक क्रय केंद्र न होने से कई किसानों को दिक्कत हो रही है। मजबूरी में उन्हें अपनी उपज आढ़तियों को बेचनी पड़ रही है। इससे उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। खजूरगांव के किसान राजेश भदौरिया ने कहा कि पहले गांव में ही क्रय केंद्र बन जाता था। इससे गेहूं बेचने में आसानी रहती थी। इस बार केंद्र न बनने से स्थिति बदल गई है। अब किसानों को दूर के केंद्रों तक जाना पड़ रहा है। किसान रामेंद्र सिंह, राजभान यादव और दुर्गेश आदि ने बताया कि इस बार कई स्थानों पर क्रय केंद्र शुरू नहीं किए गए हैं। इसका सीधा असर छोटे किसानों पर पड़ रहा है। छोटे काश्तकारों के पास साधन कम होते हैं। ऐसे में वे दूर तक उपज ले जाने में असमर्थ हैं। किसानों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें अपनी फसल औने पौने दामों में आढ़तियों को बेचनी पड़ रही है। इससे उनकी मेहनत का पूरा मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

# नेशनल हाईवे 34 व 19 पर ओवर स्पीड वाहनों पर हो रही है बड़ी कार्यवाही

**● 325 वाहनों के चालान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग - 34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज दिनांक 6.05.2026 को की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 40 ट्रक, 02 बस, 83 चार पहिया / दो पहिया 125 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चलान गया। राष्ट्रीय राजमार्ग- 19 पर 02 ट्रक, 132 चार पहिया / दो पहिया 134 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 63 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

## नगर पंचायत प्रशासन ने शुरू किया अतिक्रमण चिन्हांकन

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** नगर पंचायत प्रशासन ने कस्बे में अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी है। बुधवार को टीम ने बाजार में चिन्हांकन किया। अधिकारियों ने दुकानदारों को नाली के आगे सामान न रखने की हिदायत दी। उन्हें तय सीमा के भीतर ही दुकान लगाने के निर्देश दिए। इससे नगर की बाजार में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। अभियान वीरावासी चौक से शुरू होकर करुना बाजार चौराहा, मेनरोड और यसपाल कपूर मार्ग तक चलाया गया। कर्मचारियों ने सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को चिन्हित किया। जिन दुकानदारों ने दुकानों के सामने कब्जा कर रखा था उन्हें मौके पर समझाया गया। सभी दुकानदारों को चिन्हित रेखा के पीछे ही सामान रखने के निर्देश दिए गए। नगर पंचायत ने चेतावनी भी जारी की है। तय सीमा के आगे सामान मिलने पर जुर्माना लगाया जाएगा। बार बार उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ने पर सामान जब्त किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला ने बताया कि बाजार में चिन्हांकन शुरू कर किया गया है।दुकानदारों को समय दिया गया है। जो लोग स्वयं अतिक्रमण हटा लेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी। लेकिन जो नियम नहीं मानेंगे उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। कहा कि चिन्नाकन पूरा होने के बाद विशेष अभियान चलाया जाएगा। टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को हटाएगी।

## डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**रायबरेली:-** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/ वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने ईवीएम/ वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, उप जिलाधिकारी राजेश श्रीवास्तव प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद सहित संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार बनी काल, बलेनो की टक्कर से युवक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** बुधवार दोपहर शारदा नगर थाना क्षेत्र के पतारासी रोड पर तेज रफ्तार ने एक युवक की जान ले ली। सिल्वर रंग की बलेनो कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद चालक कार समेत फरार हो गया।

**कैसे हुआ हादसा**

घटना बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे की है। कालिका पुरवा निवासी 28 वर्षीय सूर्य प्रकाश वर्मा पतारासी रोड से बाइक पर गुजर रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बलेनो कार संख्या P xv AZ 1247 ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सूर्य प्रकाश उछलकर सड़क पर गिरे और मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**चश्मदीदों ने बताया**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की गति बहुत अधिक थी। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। हादसे के तुरंत बाद सड़क पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे आवागमन बाधित हो गया।

**पुलिस कार्रवाई**

सूचना मिलते ही शारदा नगर थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ को हटाकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

**वर्जन-** थाना प्रभारी ने बताया कि कार नंबर P xv AZ 1247 के आधार पर वाहन मालिक की पहचान कर ली गई है। फरार चालक की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दुर्घटना/हादसा

**परिवार में मातम, लोगों में आक्रोश**

सूर्य प्रकाश की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पतारासी रोड पर स्पीड ब्रेकर लगाने और तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती की मांग की है। लोगों का कहना है कि इस सड़क पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। जिले के आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# संघर्ष की जीतः हरिओम मिश्र 'राजेन्द्र' के प्रयासों से फिर जगा शिक्षा का दीप

**● राजकीय महिला महाविद्यालय में शुरू हुआ नामांकन**

**दशकभर से बंद पड़े 'शिक्षा के मंदिर' में लौटी रौनक, अब बेटियों को नहीं करना पड़ेगा भटकाव**

**आमजन से अधिकाधिक प्रवेश की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालगांव सीतापुर-** कभी खामोशी में डूबा, वीरान खड़ा एक महाविद्यालय... जिसकी दीवारें सालों तक छात्राओं की आहट का इंतजार करती रहीं। जनपद मुख्यालय के शेख सराय काजियारा, पुराने सीतापुर में स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय लगभग एक दशक तक बनकर भी बंद पड़ा रहा—मानो 'शिक्षा का मंदिर' अपने ही द्वार बंद किए बैठा हो। यह वही महाविद्यालय है, जिसकी जरूरत हर उस बेटी को थी जो आगे पढ़ना चाहती थी, लेकिन सीटों की कमी और आर्थिक तंगी के चलते अपने सपनों से समझौता कर लेती थी। कई छात्राओं को मजबूरी में दूसरे जनपदों का रुख करना पड़ता था, जबकि अनेक बेटियां घर की चौखट तक ही सीमित रह जाती थीं। लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। वर्षों के लंबे इंतजार और संघर्ष के बाद इस बंद पड़े महाविद्यालय के दरवाजे आखिरकार खुल गए हैं। इस बदलाव के पीछे लोक निर्माण संघ के संस्थापक अध्यक्ष हरिओम मिश्र 'राजेन्द्र' का लगातार प्रयास और जिद सबसे बड़ा कारण बनकर सामने आई है।

बताया जाता है कि हरिओम मिश्र ने इस मुद्दे को लगातार उठाया, शासन-प्रशासन तक आवाज पहुंचाई और हार नहीं मानी। उनके इसी संघर्ष का परिणाम रहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग सक्रिय हुआ और इस महाविद्यालय को संचालित करने की प्रक्रिया शुरू हुई। अब वर्ष 2026-27 के लिए यहां नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जो जनपद की बेटियों के लिए किसी नई सुबह से कम नहीं है। महाविद्यालय परिसर में महिला छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे दूर-




दराज क्षेत्रों की छात्राओं को रहने की परेशानी नहीं होगी। हरिओम मिश्र 'राजेन्द्र' ने इसे जनपद की बेटियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि अब सीतापुर की बेटियों को शिक्षा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। यह महाविद्यालय उनके सपनों को साकार करने का माध्यम बनेगा, खासकर उन परिवारों के लिए जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। आज यह महाविद्यालय सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि उम्मीद की एक नई किरण बन चुका है—जहां से हजारों बेटियों के सपनों को उड़ान मिलेगा।

**अपील-** जनपद के सभी अभिभावकों से आग्रह है कि वे अपनी बेटियों का अधिक से अधिक संख्या में इस राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रवेश कराएं और इस सराहनीय पहल को सफल बनाने में सहयोग दें। क्योंकि बंद दरवाजे जब खुलते हैं, तो सिर्फ रास्ते नहीं—किस्मतें भी बदलती हैं।

## दरगाह असलम मियां में पांच दिवसीय 181वां उर्स शुरू

**● सन्दल व चादर मज़ार पर चढ़ा कर सज्जादानशीन ने अमन शांति क़ी दुआ की, इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं:-फुरक़ान मियां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खैराबाद सीतापुर-** स्थानीय दरगाह हाफिज़िया असलमिया में हज़रत हाफ़िज़ सय्यदुस सादात मोहम्मद अली शाह अलैहिर्रहमा उर्फ बड़े हाफिज साहब के 181 वें पांच दिवसीय सालाना उर्स के पहले दिन रात में दरगाह हज़रत छोटे मख़दूम साहब से संदल व चादर शरीफ़ सज्जादानशीन हाजी सैय्यद फुरक़ान मियां की सरपरस्ती में लेकर दरगाह पहुंचे उसके बाद देर रात तक महफिले समा क़व्वाली हुई और तत्पश्चात मज़ार पर संदल अर्पित कर देश मे अमनो अमान सुख व शांति के लिए सज्जादानशीन ने दुआ की तत्पश्चात कार्यक्रम समाप्त हो गया । इस अवसर पर दरगाह के मीर कव्वाल गुफरान,के अलावा फरीद ,अनस तथा शबीह अहमद आदि ने सूफियाना कलाम पेश किया। उपस्थित सज्जादानशीन में सैय्यद गयास मियां, नजमुल हसन शोएब मियां, मदनी मियां, एजाज़ हसन खान एडवोकेट,फफूंद शरीफ के सज्जादानशीन मौलाना सैय्यद अज़हर मियां , दरगाह मतवल्ली सैय्यद नवेद असलम सलमी मियां, क़ारी इस्लाम अहमद आरफी,सैय्यद फरजान मियां, वक़ार मियां गाज़ीपुर सैय्यद फरहान मियां, सैय्यद फरमान मियां,क़ारी फय्याज अहमद, इमरान सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे। सज्जादानशीन सैय्यद फुरकान मियां ने कहा कि हम लोगों को अपने बुजुर्गों की शिक्षा पर पूरी तरह से अमल करना चाहिए साथ ही हमे सबसे पहले एक अच्छा इंसान बनना होगा क्योंकि इंसानियत ही से मनुष्य बड़ा बनता है। बृहस्पतिवार 7 मई को बड़े हाफ़िज़ साहब का 181वा क़ुल शरीफ़ होगा।

## ससजपा ने जताई खुशी बताया परिवर्तन की जीत,दी बधाई

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**गोपीगंज।** सर्व समाज जनहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह ने पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनाव मे राजग गठबंधन की शानदार जीत पर खुशी जाहिर करते हुए इसे परिवर्तन, सुशासन व विकास की जीत बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि लोक तंत्र मे परिवर्तन आवश्यक है,बताया कि पश्चिम बंगाल में उनकी पार्टी चुनाव मे भाग नही लिया था लेकिन प्रदेश का दौरा करने के दौरान आमजन का रुझान देख विकास कार्य व सुशासन के आधार पर राजग गठबंधन को समर्थन देने की घोषणा की गई थी। शानदार जीत पर कैंप कार्यालय नारायणी कटरा मे मिठाई बाटकर खुशी का इजहार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी।

## अधिवक्ताओं ने पशु-पक्षियों के लिए मिट्टी के प्यालों का किया वितरण



**नैनी, प्रयागराज।** जनहित कारिणी समिति द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए जिला न्यायालय कचहरी परिसर स्थित अधिवक्ता लोकेश सिंह के कार्यालय में पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी हेतु मिट्टी के प्यालों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी में जीव-जंतुओं को राहत पहुंचाना और समाज में संवेदनशीलता का संदेश देना रहा।इस अवसर पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश केसरवानी, प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सुशील जैन सहित अधिवक्ता अवधेश यादव, गिरधर, संदीप कुमार, प्रेम शंकर यादव, सुनील चौधरी, धीरज वर्मा, आस्तित्य चौधरी, राम लखन, संदीप विश्वकर्मा और संदीप पटेल समेत कई अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पशु-पक्षियों के प्रति दया और संरक्षण का संदेश देते हुए आमजन से भी इस तरह के कार्यों में सहभागिता करने की अपील की।

## मुख्यमंत्री ने रक्षा प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**● उभरती स्वदेशी क्षमताओं को सराहा**

**भारतीय सेना, उद्योग और स्टार्टअप्स की सहभागिता का संगम रहा प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** नॉर्थ टेक सिम्पोजियम-2026 में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी ने रक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए देश की उभरती स्वदेशी रक्षा क्षमताओं की सराहना की। तीन दिवसीय इस आयोजन में आधुनिक युद्ध की जरूरतों के अनुरूप विकसित अत्याधुनिक तकनीकों और उपकरणों का व्यापक प्रदर्शन किया गया, जिसमें सेना, उद्योग और स्टार्टअप्स की सहभागिता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। प्रदर्शनी के दौरान मुख्यमंत्री ने बुलेटप्रूफ जैकेट, टैक्टिकल गियर, अत्याधुनिक हेलमेट और मल्टी-टेरेन ऑपरेशंस के लिए विकसित



सैन्य उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेषज्ञों से तकनीकी विशेषताओं की जानकारी ली और उत्पादों की उपयोगिता पर चर्चा की। विशेष रूप से 'हेड-टू-बूट' सुरक्षा प्रणाली, अत्यधिक विषम तापमान में पहने जाने वाले कपड़े और मॉड्यूलर प्रोटेक्शन सिस्टम जैसे इनोवेशन आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में एमएसएमई, स्टार्टअप्स और रक्षा कंपनियों की भागीदारी ने 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती दी है। समापन अवसर पर समूह फोटो में सैन्य अधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों और नीति निर्माताओं की संयुक्त उपस्थिति इस बात का संकेत देती है कि भविष्य का युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि तकनीक, नवाचार और साझेदारी से तय होगा और प्रयागराज का यह मंच उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## दुल्लभछड़ा में उत्सवी माहौल के बीच विधायक विजय मालाकार का भव्य स्वागत

**● तीसरी जीत पर विजय मालाकार का अभिनंदन, विकास के संकल्प को किया दोहराया**

**कार्यकर्ताओं में दिखा भारी उत्साह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**श्रीभूमिः** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के श्रीभूमि जिला अंतर्गत दुल्लभछड़ा मंडल कार्यालय में लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। लगातार तीसरी बार विधायक चुने जाने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान ढोल-नगाड़ों, तालियों और 'विजय मालाकार जिंदाबाद' के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। पार्टी नेताओं ने फूलों के गुलदस्ते, गमछा और शुभकामनाओं के साथ विधायक का स्वागत किया। अपने संबोधन में विजय मालाकार ने कहा, 'यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत, त्याग और प्रेम का परिणाम है।' उन्होंने कार्यकर्ताओं को 'जनदेवता' और 'देवतुल्य' बताते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में विकास कर रामकृष्णनगर क्षेत्र को एक मॉडल क्षेत्र के रूप में विकसित करना उनका लक्ष्य है। गौरतलब है कि इससे पहले उपचुनाव में उन्होंने केशव प्रसाद रजक को लगभग 24 हजार वोटों से हराया था। गत 2021 के विधानसभा चुनाव में शंभु सिंह मालाह को करीब 46 हजार वोटों से पराजित कर दूसरी बार विधायक बने थे। इस बार उन्होंने सुरूची राय को 80 हजार से अधिक वोटों से हराकर लगातार तीसरी बार जीत हासिल की। इस समारोह में जिला परिषद सदस्य प्रणब मुखर्जी, मंडल अध्यक्ष चंदन भर, राज्य भाजपा सदस्य उमा शंकर बनिया, देव कुमार कुर्मी, संजय गोस्वामी, अलीम उद्दीन, जुयेल देव सहित कई नेता, कार्यकर्ता और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। यह अभिनंदन समारोह पार्टी की एकता, कार्यकर्ताओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व के प्रति मजबूत विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा।

